सं. 20034/01/2015-रा.भा.(अनु.)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एन.डी.सी.सी.-।। भवन, बी विंग, चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
दिनांकः- 11 सितंबर, 2015

कार्यालय ज्ञापन

विषय: हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय गृह मंत्री जी के संदेश का प्रेषण ।

14 सितंबर, 2015 को हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय गृह मंत्री जी के संदेश की प्रतियां सभी मंत्रालयों /विभागों को भेजी जा चुकी है।

सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इस संदेश को 14 सितंबर, 2015 को हिंदी दिवस के अवसर पर उनके प्रशासनिक प्रधान द्वारा पढ़ा जाए तथा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार किया जाए। यह भी निवेदन है कि इस संदेश की प्रतियां अपने सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों/संस्थाओं/बैंकों आदि को भी तत्काल भिजवाई जाएं ताकि वहां भी इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा सके । इस संदेश की अतिरिक्त मुद्रित प्रतियां अनुसंधान अधिकारी, श्री वेद प्रकाश मीणा, अनुसंधान अनुभाग, दूरभाष 23438137 से प्राप्त की जा सकती हैं । यह संदेश राजभाषा विभाग के पोर्टल(www.rajbhasha.gov.in) पर भी उपलब्ध है !

भवदीय,

हरिन्द्र 11/09/2015
(हरिन्द्र कुमार)
निदेशक (तकनीकी)

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय।
3. सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्यालय ।